कार्यालय प्रधान महालेखाकार
(लेखा व हकदारी) हरियाणा,
लेखा भवन, प्लाट नं 4 व 5 सैक्टर 33–बी,
चण्डीगढ–160020

SUPREME AUDIT INSTITUTION OF INDIA
लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest

OFFICE OF THE PRINCIPAL
ACCOUNTANT GENERAL (A&E)
HARYANA, LEKHA BHAWAN
PLOT NO.-4 & 5, SECTOR 33-B
CHANDIGARH-160 020

संख्या:-का.वि.(प्र.)/एपीएआर/2026-27/248
दिनांक 11-06-2026

सेवा में,

सभी मंडलीय लेखाकार/मंडलीय लेखा अधिकारी ग्रेड-I एवं ग्रेड-II/वरिष्ठ मंडलीय लेखा अधिकारी।

विषय: वर्ष 2025-26 की एपीएआर निर्धारित समय-सीमा के अंतर्गत प्रस्तुत किए जाने के संबंध में।

वर्ष 2025-26 की एपीएआर के संबंध में इस कार्यालय द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के क्रम में सभी संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपनी एपीएआर का प्रपत्र इस कार्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड कर निर्धारित प्रारूप में पूर्ण रूप से भरना सुनिश्चित करें।

सभी अधिकारी/कर्मचारी अपना स्व-मूल्यांकन पूर्ण कर दिनांक 15.06.2026 तक अथवा उससे पूर्व अपने रिपोर्टिंग अधिकारी को प्रस्तुत करें तथा रिपोर्टिंग अधिकारी को एपीएआर प्रस्तुत करने का प्रमाण इस कार्यालय को भेजना सुनिश्चित करें।

इसके अतिरिक्त, उन्हें यह भी निर्देशित किया जाता है कि वे अपने रिपोर्टिंग अधिकारी को सूचित करें कि वे एपीएआर (APAR) पर आवश्यक कार्रवाई पूर्ण कर उसे इस कार्यालय को अग्रेषित (Forward) करें, जिससे कि वह संशोधित समय-सीमा यानी 31.07.2026 तक अनिवार्य रूप से इस कार्यालय को प्राप्त हो जाए ।

एपीएआर समय पर प्रस्तुत करने एवं निर्धारित समय-सीमा का अनुपालन सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी/कर्मचारी की होगी। अतः उन्हें निर्देशित किया जाता है की वे इस पत्र की प्रति कार्यकारी अभियंता के समक्ष प्रस्तुत करे ताकि समयानुसार APAR 31.07.2026 तक इस कार्यालय को प्राप्त हो जाए।

इसे सक्षम प्राधिकारी की अनुमति से जारी किया जाता है।

Digitally signed by
Amrit Talwar
Date: 11-06-2026
12:01:02

व. लेखा अधिकारी [कार्य विविध (प्र.)]

प्रतिलिपि- 1) सभी कार्यकारी अभियंता को इस अनुरोध के साथ भेजी जा रही है कि वे डी.ए./डी.ए.ओ. के एपीएआर को समय सीमा के भीतर लिखकर भेजें, जिससे कि यह दिनांक 31.07.2026 तक इस कार्यालय को प्राप्त हो जाए।

2) प्रमुख अभियंता (E-I-C), लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (PHED) / जल संसाधन विभाग (IWRD) / भवन एवं सड़क (B&R) को इस अनुरोध के साथ अग्रेषित है कि वे अपने नियंत्रणाधीन समस्त कार्यकारी अभियंताओं को डी.ए./डी.ए.ओ. (DAs/DAOs) की एपीएआर (APAR) समयबद्ध तरीके से लिखने और भेजने हेतु निर्देशित करें, ताकि यह इस कार्यालय में दिनांक 31.07.2026 तक प्राप्त हो सके।

AMRIT TALWAR

व. लेखा अधिकारी [कार्य विविध (प्र.)]

Phone: - 0172-2614931, 2613211, 2615382, 2608494 Fax No- 0172-2603824 E-mail:- agaeharyana@cag.gov.in